पृ 351

नक़्ल हुक्म

हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज
अपील संख्या 54/2021 बअनवान ईशाक खां वगै. बनाम उम्मेदअली वगै.

नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए

29.09.2021

राजस्व अपील प्राधिकारी बाड़मेर अवकाश पर होने से पत्रावली वाद जांच प्रथम लिंक अधिकारी राजस्व अपील प्राधिकारी जोधपुर के समक्ष पेश हुई। अधिवक्ता अपीलांट श्री अम्बालाल जोशी एवं रेस्पोडेंट की तरफ से बीफ़ हॉल्डर अधिवक्ता श्री बांकाराम चौधरी उपस्थित। अधिवक्ता उभयपक्ष की पत्रावली पर बहस सुनी गई।

अधिवक्ता अपीलांट ने बहस करते हुए बताया कि अपीलाधीन आराजी उभयपक्षकारान की पैतृक भूमि है। मौखिक बाहमी बंटवाड़े के अनुसार मौके पर काबिज काश्त है। अपीलांटगण ने कृषि कार्य करने हेतु विद्युत कनेक्शन हेतु डिमांड भरा हुआ है। अपीलाधीन आदेश की आड़ में विद्युत कनेक्शन रूकवाया हुआ है। मामला प्रथम दृष्टया एवं सुविधा का संतुलन अपीलांटगण के पक्ष में है। अतः अपीलांटगण की अपील को स्वीकार फरमाते हुए विद्युत कनेक्शन लेने की छूट दी जावे।

रेस्पोडेंट अधिवक्ता ने बहस करते हुए निवेदन किया कि अधीनस्थ न्यायालय द्वारा अपीलाधीन आदेश विधि द्वारा स्थापित प्रक्रिया का पालन करते पारित किया गया। मूल दावा अधीनस्थ न्यायालय के समक्ष विचाराधीन है। उभयपक्ष के हितों का निर्धारण मूल दावे के निस्तारण पर ही संभव है। अतः अपीलांट की अपील को खारिज फरमाया जावे।

अधिवक्ता उभयपक्ष की पत्रावली पर बहस सुनी गई। बहस मनन करने एवं पत्रावली का अवलोकन करने पर न्यायालय ने पाया है कि अपीलांटगण अपीलाधीन आराजी के रिकॉर्डेड खातेदार है मामले में जबाव दिनांक 22.09.2021 को पेश किया जा चुका है। मूल दावा विचाराधीन रहते अपीलांटगण को विद्युत कनेक्शन से वंचित किया जाना न्यायोचित नहीं है। अपीलांटगण द्वारा कृषि विद्युत कनेक्शन प्राप्त करने हेतु डिमाण्ड राशि का भुगतान किया जा चुका है। अतः रिकॉर्डेड खातेदार को कृषि विद्युत कनेक्शन करवाने की छूट दिया जाना न्यायोचित है। अतः अधीनस्थ न्यायालय सहायक कलक्टर बाड़मेर द्वारा पारित अपीलाधीन आदेश दिनांक 30.07.2021 में उभयपक्ष्ज्ञ को अपने-अपने हिस्से की कब्जे वाली भूमि पर कृषि विद्युत कनेक्शन प्राप्त करने की छूट प्रदान की जाती है तथा शेष स्थगन आदेश यथावत रहेगा। पत्रावली फैसल शुमार नंबर से कम होकर बाद तकमील दाखिल दफ्तर हो। आदेश सरे इजलाश सुनाया गया।

Banas Adv

Premprakash Adv
29.9.21

राजस्व अपील अधिकारी ★ बाड़मेर ★

(हस्ताक्षर)
राजस्व अपील प्राधिकारी
बाड़मेर